राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने मगध विश्वविद्यालय, बोधगया एवं पूर्णिया विश्वविद्यालय के लिए नये कुलसचिव की नियुक्ति का आदेश दिया

पटना, 30 मई 2019

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन ने 'बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976' में सन्निहित अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपलब्ध पैनलों पर समुचित विचारोपरान्त मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के लिए ग्रुप कैप्टन जगत सिंह राणा तथा पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के लिए ग्रुप कैप्टन मोहम्मद याकूब को कुलसचिव पद पर नियुक्त करने का आदेश दिया है। इन नियुक्तियों से संबंधित आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होंगे। राज्यपाल सचिवालय ने उपर्युक्त नियुक्तियों से संबंधित अधिसूचना आज जारी कर दी है।

ज्ञातव्य है कि मगध विश्वविद्यालय एवं पूर्णिया विश्वविद्यालय के लिए कुलसचिव के पद क्रमशः कर्नल प्रणव कुमार एवं कर्नल जीतेन्दर भारद्वाज द्वारा समर्पित त्याग–पत्रों की स्वीकृति के पश्चात् रिक्त हो गए थे, जिनके विरूद्ध आज इन पदों पर नई नियुक्तियों से संबंधित आदेश निर्गत कर दिये गये हैं।

इसी तरह राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने संबंधित पैनलों पर सम्यक् विचारोपरान्त राज्य के सात विश्वविद्यालयों के लिए वित्त अधिकारियों की नियुक्ति को भी अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्यपाल सचिवालय द्वारा संबंधित कुलपतियों को भेजे गए पत्र के मुताबिक श्री विनोद कुमार –बी॰आर॰ए॰बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर, श्री बिजयमल प्रसाद सिंह –टी॰एम॰भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर, श्री सुधीर कुमार –एल॰एन॰ मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा, श्री केशरी विजय मिश्रा –पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना, श्री दीपक कुमार सिन्हा –मगध विश्वविद्यालय, बोधगया, श्री राजकुमार चौधरी –पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया एवं श्री कन्हाई रजक –एम॰एम॰एच॰ अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना के वित्त पदाधिकारी बनाये गये हैं। निर्धारित नियमों एवं शर्त्तों के मुताबिक संविदा आधार पर की गईं ये पुर्ननियुक्तियाँ प्रभार–ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होंगी। विश्वविद्यालयों में वित्तीय अनुशासन एवं नियमितता बहाल रखने के उद्देश्य से की गई इन नियुक्तियों से सकारात्मक परिणाम की उम्मीद की जाती है।

....